भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः 4800
उत्तर देने की तारीखः 23.03.2020

आईआईएसईआर

†4800. श्री नामा नागेश्वर रावः

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में कार्यरत भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थानों (आईआईएसईआर) की संख्या का राज्य-वार और स्थान-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में आईआईएसईआर की स्थापना करने लिए किन मानदंडों का पालन किया गया है;

(ग) क्या सरकार को हैदराबाद में आईआईएसईआर की स्थापना करने के लिए तेलंगाना सरकार की ओर से कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा हैदराबाद में आईआईएसईआर की स्थापना करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो हैदराबाद में आईआईएसईआर की स्थापना करने के अनुरोध को स्वीकार नहीं करने के क्या कारण हैं?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क): हमारे देश (भारत) में सात आईआईएसईआर कार्यरत हैं। विवरण इस प्रकार हैः

क्र.सं.	संस्थान का नाम	राज्य और स्थान-वार
1.	आईआईएसईआर, पुणे	महाराष्ट्र, डॉ. होमी भाभा रोड, वार्ड नंबर 8, एनएलसी कॉलोनी, पासन, पुणे-411008
2.	आईआईएसईआर, कोलकाता	पश्चिम बंगाल, कैम्पस रोड, मोहनपुर-741246
3.	आईआईएसईआर, मोहाली	पंजाब, नॉलेज सिट, सेक्टर-81, मनौली पीओ, साहिबजाद अजीत सिंह नगर-140306
4.	आईआईएसईआर, भोपाल	मध्य प्रदेश, भोपाल बायपास रोड, भौरी-462006
5.	आईआईएसईआर, तिरूवनंतपुरम	केरल, मारूथमाला, पीओ, विथुरा-695551
6.	आईआईएसईआर, तिरूपति	आंध्र प्रदेश, करकम्बदी रोड, श्री राम इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने, रामी रेड्डी नगर, मंगलम, तिरूपति-517507
7.	आईआईएसईआर, बेहरामपुर	ओडिशा, खोदासिंगी, ब्रह्मपुर-760010

(ख): आमतौर पर इस मंत्रालय द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में आईआईएसईआर स्थापित करने के लिए बनाए गए मानदंड हैं: भारत सरकार के पास पर्याप्त वित्तीय और निरंतर संसाधन की उपलब्धता, ऐसे भौगोलिक स्थान जो गुणवत्तापूर्ण विज्ञान शिक्षा से वंचित हैं असेवित बड़े राज्य जहां विज्ञान छात्रों की सभावनाएं हैं, तालमेल के लिए राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं के नजदीक

स्थान/भूमि की उपलब्धता, और हवाई अड्डों से 30 किमी. से अधिक दूरी न हो और आईआईएसईआर की स्थापना के लिए राज्यों द्वारा उपलब्ध कराई गई पर्याप्त भूमि।

(ग) और (घ) : जी, हां। इस मंत्रालय को तेलंगाना के मुख्यमंत्री श्री के. चंद्रशेखर राव, से एक पत्र मिला था, जो हैदराबाद, तेलंगाना राज्य में भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) को मंजूरी देने के लिए माननीय प्रधान मंत्री को संबोधित किया गया था। देश में नए आईआईएसईआर स्थापित करना मंत्रालय में एक सतत प्रक्रिया है।

*****